# 1. Inter Department Quiz Contest

दिनांक 29 सितंबर 2020 को महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग तथा इतिहास विभाग के द्वारा संयुक्त तौर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में महाविद्यालय की 60 छात्रा ने भाग लिया। इस प्रश्नोत्तरी में अर्थशास्त्र, इतिहास तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे, जिनका हाल करने के लिए छात्राओं 20 मिनट का समय दिया गया था। प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा अमन (4710520010) व अंजू देवी (4710520084) ने संयुक्त तौर पर प्रथम, पूजा देवी (4710520031) ने द्वितीय, तथा सिवानी (4710520057) व मनीषा (4710520122) ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजु लता जी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा प्रतियोगिता के संयोजक श्री देवेन्द्र व सह-संयोजक श्री ग्रीन कुमार को भविष्य में लगातार इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

संयोजक
Mr. Devender

प्राचार्या
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

28/05/2021 Allowed

To

The Principal
Govt. College for Girls, Pillukhera
Jind (Haryana)

**Subject: Regarding permission for organizing Intra-College Online Poster Making and Slogan Writing Competition.**

Respected Madam

It is most respectfully submitted that, we, Mr. Devender (Assistant Professor of Economics), Mr. Deepak Kumar (Assistant Professor of English) and Mr. Pardeep Kumar (Assistant Professor of Geography) want to organize an Intra-College online "Poster Making and Slogan Writing Competition" on the occasion of *"World No Tobacco Day"* on 31th May, 2021. Kindly grant the permission to organize this event.

Thanking You

Date: 28/05/2021

With regards

28/05/2021

Mr. Devender (Assis. Prof. of Economics)

Mr. Deepak Kumar (Assis. Prof. of English)

Mr. Pardeep Kumar (Assis. Prof. of Geography)

# INTRA-COLLEGE ONLINE COMPETITION

On the Context of

# WORLD NO TOBACCO DAY

On 31st May 2021

**Jointly Organised by**

Department of Economics, Department of English and Department of Geography

## FINAL RESULT

### A. Poster Making Competition

| Sr. No. | Name | Class | Roll. No. | Position |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ritu | B.A. I | 120154002013 | 1st |
| 2. | Nanki | B.A. II | 4710520097 | 2nd |
| 3. | Manju | B.A. II | 4710520118 | 3rd |

### B. Slogan Writing Competition

| Sr. No. | Name | Class | Roll. No. | Position |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Divya Vibhuti | B.A. I | 120154002083 | 1st |
| 2. | Madhu | B.A. I | 120154002068 | 2nd |
| 3. | Kushum | B.A. II | 4710520012 | 3rd |

**Judges:**

1. Mrs. Kavita Kumari, Assistant Professor of Commerce, Rajiv Gandhi Govt. College, Saha (Ambala).
2. Dr. Darshan Lal, Assistant Professor of Economics, Rajiv Gandhi Govt. College, Saha (Ambala).
3. Mrs. Supriya Chopra, Assistant Professor of Mathematics, Govt. College for Women, Ambala City.

Devender 4/06/2021

Convener

Principal
Govt. College for (
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय,पिल्लुखेड़ा (जींद )

## Activity Report

दिंनाक : 04/10/2021

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) प्रांगण में " आजादी का अमृत महोत्सव " आजादी के 75 वे वर्ष के उपलक्ष्य में 02 अक्टूबर के विशेष दिन महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी को विशेष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दोनों महान आत्माओं की जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा (जींद)के भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग व विशेष दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का विषय दोनों विभूतियों के जीवन जीवन दर्शन और प्रेरणा थी पूरे हरियाणा प्रांत में प्रत्येक शिक्षा संस्थान में पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया। उस प्रयास का सुखद परिणाम यह रहा कि यह आयोजन राज्य स्तरीय न रहकर राष्ट्रीय बन गया। उड़ीसा,उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, गुजरात,राजस्थान, पंजाब आदि राज्यों से युवाओं ने प्रतिभागी बन श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उत्साहवर्धक संख्या के रूप में 124 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के गौरव को बढ़ाते हुए पूर्ण अनुशासन की पालना करते हुए ठीक 11:00 बजे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का लिंक खोला गया और ठीक 25 मिनट का समय देकर प्रतिभागियों के लिए वह लिंक स्वतः बंद हो गया । यदि समय की पाबंदी ना रहती तो संभवत प्रतिभागी संख्या और अधिक हो सकती थी, किंतु नियम अनुसार निर्वहन की गई कार्यविधि ने बहुत ही सुखद अनुभूति एवं परिणाम दिए । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संयोजक महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची इस प्रतियोगितात्मक सहभागिता ने हमें उत्साहवर्धक अनुभूति दी है।सहयोग के सम्मान रूप में सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं ।सह-संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्री दीपक कुमार एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार ने बताया कि ठीक समय पर जो प्रतिभागी जुड़ पाए उन्हें ही प्रतियोगिता में स्थान दिया गया और तत्काल ही प्रतिभागियों के बीच से विजेता विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रसन्नता का विषय यह रहा कि बहुत अधिक संख्या में विद्यार्थियों की जानकारी कठिन स्तर पर भी संतोषजनक पाई गई।आदरणीय प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने सभी संयोजक ओं का धन्यवाद किया और विजेताओं को साधुवाद दिया।

**प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:**
**प्रथम स्थान:** पायल, B.Sc.III ( राजकीय महाविद्यालय सेक्टर- 1 पंचकूला)
**द्वितीय स्थान:**अंशु, एजुकेशन (शंभू दयाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन ,सोनीपत)
**तृतीय स्थान:** आरती, बी.ए. थर्ड ईयर(राजकीय महाविद्यालय , हांसी (हिसार)

Devender

प्राचार्य
Principal
Govt. College for G
Pillu Khera (Jind)

# ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पायल ने मारी बाजी

जींद, 2 अक्तूबर (हिमांशु) : राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 124 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता का लिंक खोले जाने के बाद 25 मिनट का समय देकर प्रतिभागियों के लिए लिंक बंद हो गया।

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संयोजक कॉलेज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची इस प्रतियोगितात्मक सहभागिता ने हमें उत्साहवर्धक अनुभूति दी है। विजेता प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिए गए। सह-संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष दीपक कुमार और अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि ठीक समय पर जो प्रतिभागी जुड़ पाए, उन्हें ही प्रतियोगिता में स्थान दिया गया और प्रतिभागियों के बीच से विजेता विद्यार्थियों का चयन किया गया।

## प्रतियोगिता का परिणाम

कॉलेज में हुई ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पंचकूला के सैक्टर-1 से पायल, दूसरे स्थान पर सोनीपत के शंभू दयाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से अंशु और तीसरे स्थान पर राजकीय कॉलेज हांसी से आरती रही।

पंजाब केसरी Sun,03 October 2021
ई-पेपर Edition: jind kesari, Page no. 4

# आनलाइन प्रतियोगिता में पंचकूला की पायल रही प्रथम

जींद : राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा के भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय दोनों विभूतियों के जीवन जीवन दर्शन और प्रेरणा थी। प्रतियोगिता में उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पंजाब से भी युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संयोजक भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को आनलाइन प्रमाण पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं। निस्तारण अधिकारी बबीता पवार ने विजेताओं को बधाई दी। राजकीय कालेज पंचकूला सेक्टर एक की पायल प्रथम, शंभु दयाल कालेज आफ एजुकेशन सोनीपत की अंशु द्वितीय, राजकीय कालेज हांसी की आरती तृतीय स्थान पर रही। (जासं)

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

II

# कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय,पिल्लुखेड़ा (जींद )

## Activity Report

## स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**दिंनाक:-12/01/2022**

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) प्रांगण में "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत 12 जनवरी 2022 को **स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग व विशेष दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।** कोरोना महामारी को ध्यान में रखकर इस प्रतियोगिता को ऑनलाइन माध्यम से करवाया गया। प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित था। इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के समस्त राज्यों के शिक्षण संस्थानों को पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया। इस प्रयास का सुखद परिणाम यह रहा कि भारत के विभिन्न राज्यों उड़ीसा, उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान आदि से युवाओं ने प्रतिभागी बन श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। **1425** विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। पूर्ण अनुशासन की पालना करते हुए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का लिंक निर्धारित समय पर (10:00 बजे) खोला गया।

श्री प्रदीप कुमार, संयोजक, भूगोल विभागाध्यक्ष एवं विशेष आयोजन समिति प्रभारी ने बताया कि प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर सहभागिता ने हमें उत्साहवर्धक अनुभूति प्रदान की है। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करवाया जाएगा। श्री दीपक कुमार, सह-संयोजक, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रतियोगिता की सूचना को प्रसारित किया तथा बताया कि सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं। श्री देवेन्द्र, सह-संयोजक, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष ने इस प्रतियोगिता में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में प्रतियोगिता को मूर्तरूप प्रदान किया। ठीक समय पर जो प्रतिभागी जुड़ पाए उन्हें ही प्रतियोगिता में स्थान दिया गया और तत्काल ही प्रतिभागियों के बीच से विजेता विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रसन्नता का विषय यह रहा कि बहुत अधिक संख्या में विद्यार्थियों की जानकारी कठिन स्तर पर भी संतोषजनक पाई गई। आदरणीय प्राचार्या बबिता पवार जी ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामाएं दीं।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:**

| Position | Name | College/Institution | State/UT | Class |
|---|---|---|---|---|
| 1st | Naina Aggarwal | Gian Jyoti Global School | Chandigarh | $10^{th}$ |
| 2nd | Aarti | PIG Govt. College for women (Jind) | Haryana | B.Sc 2nd year |
| 3rd | Mohit Pant | Kumaun University | Uttarakhand | M.Sc Geology |
| 3rd | Aman | G.C.G.Pillu Khera Jind | Haryana | B.A. Final Year |

Kumar
Pardeep Kumar
Convenor

Deepak Kumar
(Co convener)

Devender
Devender
Co-Convener

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Seen

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# राजकीय कन्या कालेज में कार्यक्रम आयोजित

जींद, 12 जनवरी (ललित) : राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग और विशेष दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी को ध्यान में रखकर इस प्रतियोगिता को ऑनलाइन माध्यम से करवाया गया। प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित था। इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के समस्त राज्यों के शिक्षण संस्थानों को पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया।

इस प्रयास का सुखद परिणाम यह रहा कि भारत के विभिन्न राज्यों उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान आदि से युवाओं ने प्रतिभागी बन श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 763 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। पूर्ण अनुशासन की पालना करते हुए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का लिंक निर्धारित समय पर खोला गया। भूगोल विभागाध्यक्ष संयोजक प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर सहभागिता ने हमें उत्साहवर्धक अनुभूति प्रदान की है। इस मौके पर देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 13 January 2
Edition: jind kesar

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नैना अग्रवाल ने पाया प्रथम स्थान

जींद। पिल्लूखेड़ा स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर भूगोल, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभाग व विशेष दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित था। 763 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। भूगोल विभागाध्यक्ष संयोजक एवं विशेष आयोजन समिति प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंडीगढ़ स्थित ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा नैना अग्रवाल, राजकीय महिला कॉलेज जींद की बीएएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती दूसरे व उत्तराखंड से मोहित पंत व राजकीय कॉलेज पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थी अमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। संवाद

हरिभूमि
रोहतक - जीन्द
13 Jan 2022

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वामी विवेकानंद जन्म दिवस पर राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित था। इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के समस्त राज्यों के शिक्षण संस्थानों को पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया। 763 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

Date: 23/04/2022

## Activity Report

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 23 अप्रैल को राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वाधान में डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिलकर किया गया। प्रतियोगिता में 5 राउंड थे-ज्योग्राफी राउंड, इंग्लिश लैंग्वेज राउंड, इकोनॉमिक्स राउंड व हिंदी भाषा राउंड, स्पोर्ट्स राउंड। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। प्रत्येक टीम में 4 प्रतिभागी थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार जी के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार, क्विज मास्टर एवं अपने-अपने विषयों के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार, श्री प्रदीप कुमार व श्री देवेंद्र ने अपने अपने विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे।

भूगोल विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि महाविद्यालय इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ता रहे। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों का उत्तर देकर इस आयोजन की सार्थकता को सिद्ध किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:

**प्रथम स्थान: (Team-J)**

कविता (B.A.III, R. No. 40), अन्नू (B.A.III, R. N. 49), ज्योति (B.A.III, R. N. 02), कुसुम (B.A.III, R.N. 12) ।

**द्वितीय स्थान: (Team-I)**

तमन्ना (B.A.II, R. No. 4), संतोष (B.A.II, R. No. 38), अंजलि (B.A.II, R. No. 33), तनुजा (B.A.II, R. N. 122) ।

**तृतीय स्थान: (Team- K & E)**

रितु (B.A.III, R. No. 108), संगीता (B.A.III, R. No. 110), अमन (B.A.III, R. No. 10) शिवानी (B.A.III, R. No. 57),अंजू (B.A.I, R. No. 112),पूजा (B.A.III, R. No. 79), सोनू (B.A.III, R. No. 53), ज्योति (B.A.III, R. No. 101) ।

श्री प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, भूगोल Kumar

श्री दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी & IQAC Co-ordinator 23/04/2022

श्री देवेंद्र, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र Devender 23/04/2022

श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, हिंदी

23/04/22

Principal
प्राचार्य
Govt. College for G...
Pillu Khera (Jind)

हरिभूमि
रोहतक - जीन्द
24 Apr 2022

# कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वावधान में डिपार्टमेंट ऑफ 'योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिल कर किया गया। प्रतियोगिता में पांच राउंड थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। भूगोल विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि महाविद्यालय इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ता रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कविता, अन्नु, 'योति, कुसुम की टीम, द्वितीय स्थान पर तमन्ना, संतोष, अंजलि, तनुजा, तृतीय स्थान पर रितु, संगीता, अमन, शिवानी, अंजू, पूजा, सोनू की टीम रही।

Devender 25/04/2022

# राजकीय कन्या कॉलेज में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे मनाया



जगत क्रांति ▸▸ जींद

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वाधान में डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिलकर किया गया। प्रतियोगिता में 5 राउंड थे-ज्योग्राफी राउंड, इंग्लिश लैंग्वेज राउंड, इकोनॉमिक्स राउंड व हिंदी भाषा राउंड, स्पोर्ट्स राउंड। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।

प्रत्येक टीम में 4 प्रतिभागी थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, क्विज मास्टर एवं अपने-अपने विषयों के विभागाध्यक्ष संजय कुमार, प्रदीप कुमार व देवेंद्र ने अपने अपने विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे।

Devender 25/04/2022

# कार्यालय प्राचार्या, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

Memo:- २४५ दिनांक: 05/05/2022

## Activity Report

### Poster Presentation Competition

दिनांक 5 मई, 2022 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियों, तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी के सम्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक श्री देवेन्द्र जी ने इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाईजेशन तथा यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जेंडर पे गैप पर प्रस्तुत रिपोर्ट को संदर्भित करते हुए वैश्विक स्तर पर मौजूद जेंडर पे गैप पर विचार सांझा किये तथा भारत में श्रम कानूनों में सुधार की ज़रूरत बताया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। समाज के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हुए इस आयोजन का सुखद पहलू ये रहा कि सभी छात्राओं ने बाल श्रमिक की समस्या, महिलाओं श्रमिकों की भूमिका, भविष्य, मौजूद असमानताओं व शोषण को अपने ज्ञान स्तर से परे प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान), श्री दीपक कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी) तथा श्री प्रदीप कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, भूगोल) द्वारा निभाई गयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बी. ए. अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू ने श्रमिकों के आर्थिक विकास में योगदान पर अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। द्वितीय स्थान पर रही बी. ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु ने महिला श्रमिकों के शोषण की समस्याओं को अपने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। जबकि तीसरा स्थान पर रही बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने बाल मजदूरी तथा शोषण को ध्यान में रखकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री संजय कुमार जी ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों से अवगत होने के लिये प्रेरित किया तथा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का अंत किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

Devender 5/5/2022
Convener

05/05/2022
Co-Convener

Principal
Govt. College for
Pillu Khera (Jind)

# Media Coverage: 06/05/2022

हरिभूमि

रोहतक - जीन्द
6 May 2022

## श्रमिकों के लिए में छात्राओं ने बनाए पोस्टर

- अर्थशास्त्र व हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो: हरिभूमि

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियां तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या बविता पवार ने कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हुए इस आयोजन का सुखद पहलू ये रहा कि सभी छात्राओं ने बाल श्रमिक की समस्याएं महिलाओं श्रमिकों की भूमिका, भविष्य, मौजूद असमानताओं व शोषण को अपने ज्ञान स्तर से परे प्रस्तुत किया।

## राजकीय कन्या कालेज में हुई इंटल कालेज पोस्टर प्रतियोगिता



इंटर कालेज पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

जींद, 5 मई (हिमांशु): राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इंटर कालेज पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई।

प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियां तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। प्रतियोगिता की शुरुआत कालेज प्राचार्या बबीता पंवार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र ने इंटरनैशनल लेबर आर्गेनाइजेशन तथा यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जेंडर पे गैप पर प्रस्तुत रिपोर्ट को प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका रमेश कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू ने श्रमिकों के आर्थिक विकास में योगदान पर अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। द्वितीय स्थान पर रही बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु ने महिला श्रमिकों के शोषण की समस्याओं को अपने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। जबकि तीसरा स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने बाल मजदूरी तथा शोषण को ध्यान में रखकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सह-संयोजक संजय कुमार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों से अवगत होने के लिये प्रेरित किया तथा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का अंत किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri,06 May 2022
Edition: jind kesari, Page no. 4

## अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन



जींद : आज दिनांक 5 मई, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्ततौर पर अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की आर्थिक समृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियां, तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या बविता पवार के सम्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक देवेन्द्र ने इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाईजेशन तथा यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जेंडर पे गैप पर प्रस्तुत रिपोर्ट को सन्दर्भित करते हुए वैश्विक स्तर पर मौजूद जेंडर पे गैप पर विचार साझा किये तथा भारत में श्रम कानूनों में सुधार की जरूरत बताया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। समाज के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हुए इस आयोजन का सुखद पहलू ये रहा कि सभी छात्राओं ने बाल श्रमिक की समस्या, महिलाओं श्रमिकों की भूमिका, भविष्य, मौजूद अस्समानताओं व शोषण को अपने ज्ञान स्तर से परे प्रस्तुत किया।

## चित्र प्रदर्शनी में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू रही प्रथम



छात्राओं को सम्मानित करता स्टाफ। छाया

जींद। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में वीरवार को राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इसमें परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान विषय पर छात्राओं ने चित्र बनाए। इसमें बीए अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममता तीसरे स्थान पर रही। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया।

प्राचार्य बबीता पंवार ने बताया कि अर्थशास्त्र व हिंदी विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों की देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियां तथा श्रमिक शोषण पर चित्र बनाने थे। इसके अलावा कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र, रमेश कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Memo No.: 254

Date: 30/5/2022

## Activity Report

## अंतरा-विभागीय समूह चर्चा

दिनांक 28/05/2022 को "आज़ादी के अमृत महोत्सव" के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ***"भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने समकालीन मुद्दे एवं चुनौतियां"*** विषय पर अंतरा-विभागीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें अर्थशास्त्र विषय पढ़ने वाली कला स्नातक की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। इस आयोजन का सफल संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री देवेन्द्र जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्रचार्या श्रीमती बबिता पवार जी के संबोधन से हुई जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में मौजूद समकालीन समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में मुख्य चर्चा के केंद बिंदु में ग़रीबी, बेरोजगारी, आय की असमानता, महँगाई के साथ साथ वैश्विक परिदृश्यों में आने वाले उतार चढ़ावों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव रहे। इस आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए गए अपने तीन वर्षों के अनुभव को सांझा किया। समूह चर्चा की समाप्ति उपरांत सभी छात्राओं से प्रतिपुष्टि प्रपत्र भी भरवाए गए जिसमें छात्राओं से विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षण प्रक्रिया में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव लिए गए। विभागाध्यक्ष श्री देवेन्द्र ने सभी छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभाग भविष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों में छात्राओं द्वारा दिये गए सुझावों को अवश्य शामिल करेगा तथा छात्राओं के सम्पूर्ण विकास हेतु समर्पित रहेगा।

Devender 30/5/2022

विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र

Devender

प्राचार्या
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Date : / /20

# Media Coverage: 29/05/2022

## अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां विषय पर हुई सामूहिक चर्चा



अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा करती छात्राएं। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने समकालीन मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर अंतर विभागीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

इसमें छात्राओं ने महंगाई के साथ-साथ वैश्विक परिदृश्यां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष देवेंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य बबीता पंवार ने की। कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था में मौजूद समकालीन समस्याओं पर प्रकाश डाला। इसके अलावा गरीबी, बेरोजगारी, आय की असमानता, महंगाई के साथ-साथ वैश्विक परिदृश्यां में आने वाले उतार-चढ़ावों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पढ़ने वाले प्रभाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई।

दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 29-05-2022

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर सेमिनार

जींद । पिल्लूखेड़ा के राजकीय महिला कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने समकालीन मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर अंतर विभागीय समूह चर्चा हुई। इसमें अर्थशास्त्र पढ़ने वाली छात्राओं तथा कला स्नातक की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष देवेंद्र ने किया और शुरुआत प्राचार्या बबीता पवार ने की। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में मौजूद समकालीन समस्याओं पर प्रकाश डाला। आयोजन में मुख्य चर्चा के केंद्र बिंदू में गरीबी, बेरोजगारी, आय की असमानता, महंगाई के साथ-साथ वैश्विक परिदृश्यों में आने वाले उतार-चढ़ावों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पडते वाले प्रभाय रहे। समूह चर्चा के बाद सभी छात्राओं से प्रतिपुष्टि प्रपत्र भी भरवाए गए। विभागाध्यक्ष देवेंद्र ने सभी छात्राओं को आश्वास्त किया कि भविष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों में उनके सुझावों को शामिल किया जाएगा।

## अर्थव्यवस्था में मौजूद समकालीन समस्याओं पर डाला प्रकाश



पिल्लूखेड़ा के महाविद्यालय में आयोजित समूह चर्चा में भाग लेती छात्राएं • विज्ञप्ति।

जींदः आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने समकालीन मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर अंतर विभागीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्राचार्या बबीता पवार के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में मौजूद समकालीन समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान महंगाई के साथ-साथ वैश्विक परिदृश्यों में आने वाले उतार-चढ़ाव का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव रहे। (जास)

Devender
30/5/2022
Head, Department of Economics

Devender

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Memo No. 353** **Date: 17/09/2022**

# DEPARTMENT OF ECONOMICS

## Activity Report

*An Extension Lecture*
*On*
*"How to Understand Economics" and "Economics in Daily Life"*

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जीन्द) में दिनांक 17/09/2022 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महान शिक्षाविद, प्रखर अर्थशास्त्री एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता जी ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य अर्थशास्त्र विषय पढ़ने वाली छात्राओं में अर्थशास्त्र विषय को लेकर फ़ैली हुई भ्रांति को दूर करना, अर्थशास्त्र विषय की मूल अवधारणा के प्रति समझ विकसित करना, रोज़मर्रा के जीवन में अर्थशास्त्र का उपयोग, तथा अर्थशास्त्र विषय में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। प्राचार्य जी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत शिक्षा अर्जित करने के उद्देश्य की जानकारी से की जिसमें उन्होंने बताया कि शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। इसके बाद उन्होंने प्रमुख विषयों की महता को इंगित करते हुए अर्थशास्त्र विषय को लेकर छात्राओं में फ़ैली हुई भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विषय समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने अर्थशास्त्र विषय की प्रमुख शाखाओं के बारे में जानकारी दी। इसी कड़ी में उन्होंने अर्थशास्त्र विषय लेकर उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के महत्व एवं फायदों के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि अर्थशास्त्र विषय लेकर स्नातक करने के उपरांत बैंकिंग, स्टेटिस्टिक्स, इंडियन इकनोमिक सर्विसेज, इंडियन रेवेन्यू सर्विसेज और एक्चुरियल साइंस आदि क्षेत्रों में जॉब के अवसर खुल जाते है। एक्चुरियल साइंस के विषय में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी विधा है जिसमें इंश्योरेंस रिस्क, इंश्योरेंस प्रीमियम और इंश्योरेंस कंपनियों के प्रबंधन से संबंधित काम किया जाता है। कार्यक्रम संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री देवेन्द्र ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में विभाग द्वारा छात्राओं से जब प्रतिपुष्टि फॉर्म भरवाये गए थे तब छात्राओं ने इस प्रकार के आयोजन की बात रखी थी जिसको ध्यान में रखकर इस व्याख्यान का आयोजन किया गया है। अंत में विभागाध्यक्ष जी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया तथा उनको आश्वस्त किया कि आने वाले समय में विभाग उनके मार्गदर्शन में नई बुलन्दियों को छुएगा तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के आयोजन किये जायेंगे।

17/9/2022

श्री देवेन्द्र
अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# Media Coverage

**18-09-2022**

## अर्थशास्त्र विषय समाज के लिए जरूरी : डा. गुप्ता



पिल्लूखेड़ा के राजकीय कालेज में आयोजित व्याख्यान में भाग लेती छात्राएं। ● विज्ञप्ति

जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने अर्थशास्त्र विषय पढ़ने वाली छात्राओं में अर्थशास्त्र विषय को लेकर फैली हुई भ्रांति को दूर करना और अर्थशास्त्र विषय की मूल अवधारणा के प्रति समझ विकसित करना रहा। रोजमर्रा के जीवन में अर्थशास्त्र का उपयोग तथा अर्थशास्त्र विषय में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने कहा कि शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र विषय समाज के लिए जरूरी है। अर्थशास्त्र विषय लेकर स्नातक करने के उपरांत बैंकिंग, स्टेटिस्टिक्स, इंडियन इकनोमिक सर्विसेज, इंडियन रेवेन्यू सर्विसेज और एक्चुरियल साइंस आदि क्षेत्रों में रोजगार मिल सकता है। (जासं)

## राजकीय कन्या कालेज में व्याख्यान आयोजित

जींद, 17 सितम्बर (ललित) : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें महान शिक्षाविद, प्रखर अर्थशास्त्री एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य अर्थशास्त्र विषय पढ़ने वाली छात्राओं में अर्थशास्त्र विषय को लेकर फैली हुई भ्रांति को दूर करना, अर्थशास्त्र विषय की मूल अवधारणा के प्रति समझ विकसित करना, रोजमर्रा के जीवन में अर्थशास्त्र का उपयोग तथा अर्थशास्त्र विषय में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था।

प्राचार्य ने अपने वक्तव्य की शुरुआत शिक्षा अर्जित करने के उद्देश्य की जानकारी से की, जिसमें उन्होंने बताया कि शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

इसके बाद उन्होंने प्रमुख विषयों की महता को इंगित करते हुए अर्थशास्त्र विषय को लेकर छात्राओं में फैली हुई भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विषय समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने अर्थशास्त्र विषय की प्रमुख शाखाओं के बारे में जानकारी दी।



राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में व्याख्यान को संबोधित करते वक्ता।

18/9/2022

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

II

# OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Memo No.** 898 **Date:** 19/10/2022

# Activity Report

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में अंतरराष्ट्रीय ग़रीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर 17 अक्टूबर 2022 को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ग़रीबी के परिपेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याएं एवं समाधान पर आधारित था। जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के सभी राज्यों में स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थानों को पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया। इस प्रयास का सुखद परिणाम यह रहा कि भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा आदि राज्यों से विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु कुल 1169 विद्यार्थियों ने रेजिस्ट्रेशन करवाया था जिनमें से 708 विद्यार्थियों ने इस वास्तविकता में प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता को हल करने हेतु प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 15 मिनट का समय नियत था जिसमे विद्यार्थी को कुल 30 प्रश्नों के उत्तर देने थे। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभागिता को स्तरीय रखा तथा औसतन 34.26 अंक प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में कम से कम समय में अधिकतम अंक प्राप्त करके महर्षि दयानंद विश्विद्यालय से एम.बी.ए. के विद्यार्थी अमित चहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, मानेसर में पढ़ने वाली बी.कॉम. की छात्रा सोनिया रही और तीसरा स्थान पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में एम. ए. अर्थशास्त्र पढ़ने वाले विद्यार्थी रोहित सिन्हा ने प्राप्त किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र ने आयोजन की सफलता से खुश होकर यह कहा कि प्रतिभागियों की संख्या ने उनमें और भी अधिक ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। अब वे ऐसे ही प्रयास निकट भविष्य में विद्यार्थियों के हित में करते रहेंगे। इसके साथ साथ प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों को उनके प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रेषित किये जा रहे है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओ.पी. गुप्ता जी ने महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष देवेंद्र को बधाई दी और विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

Devender 19/10/2022

Mr. DEVENDER
HEAD, DEPARTMENT OF ECONOMICS

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

भास्कर

(9)

/ /20

Media Coverage.
19/10/2022

# राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अमित चहर प्रथम

भास्कर न्यूज|जींद

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, गुजरात, तमिलनाडू, केरल, उड़ीसा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा आदि राज्यों से विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए 1169 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था जिनमें से 708 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एमबीए के विद्यार्थी अमित चहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने कहा कि छात्रों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अमित ने पाया प्रथम स्थान

जास, जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय आनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 708 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एमबीए के विद्यार्थी अमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय मानेसर में पढ़ने वाली बीकाम की छात्रा सोनिया रही। तीसरा स्थान पंडित जवाहर लाल नेहरु राजकीय महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थी रोहित सिन्हा ने प्राप्त किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

Devender 19/10/2022

# कन्या कालेज में राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी आयोजित

जींद, 18 अक्तूबर (ललित) : राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के मौके पर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय गरीबी के परिपेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याएं एवं समाधान पर आधारित था। जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के सभी राज्यों में स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थानों को पूर्व सूचना देकर इस आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया।

इस प्रयास का सुखद परिणाम यह रहा कि भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा आदि राज्यों से विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन कर श्रेष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए 1169 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिनमें से 708 विद्यार्थियों ने इस वास्तविकता में प्रतिभागिता की।

इस प्रतियोगिता को हल करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 15 मिनट का समय नियत था, जिसमें विद्यार्थी को कुल 30 प्रश्नों के उत्तर देने थे। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभागिता को स्तरीय रखा तथा औसतन 34.26 अंक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में कम से कम समय में अधिकतम अंक प्राप्त करके महर्षि दयानंद विश्विद्यालय से एम.बी.ए. के विद्यार्थी अमित चहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय मानेसर में पढ़ने वाली बीकॉम की छात्रा सोनिया रही और तीसरा स्थान पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में एम.ए. अर्थशास्त्र पढ़ने वाले विद्यार्थी रोहित सिन्हा ने प्राप्त किया।

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र ने कहा कि प्रतिभागियों की संख्या ने उनमें और भी अधिक ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। अब वे ऐसे ही प्रयास निकट भविष्य में विद्यार्थियों के हित में करते रहेंगे। इसके साथ-साथ प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों को उनके प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रेषित किए जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

Devender 19/10/2022

19/10/22

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

दिनांक: 29/11/2022

यादि क्रमांक: 950

## Activity Report

## वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में 22 नवम्बर 2022 को अर्थशास्त्र एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय समाज में व्याप्त सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण संबंधी समस्याओं के कारणों एवं प्रभावों पर वाद-विवाद माध्यम से समाधान तक पहुंचना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता में शिरकत की तथा अपने विचारों से छात्राओं को आशीर्वाद दिया और बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है जिन पर एक विद्यार्थी के भविष्य की नींव टिकी होती है।इस प्रतियोगिता के संयोजक अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भागीदारी करने हेतु छात्राओं में बहुत अधिक उत्साह देखा गया जिसकी वजह से कुल 12 टीमों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। प्रत्येक टीम में 2 छात्रायें थी जिनमें से एक छात्रा ने मुद्दे के पक्ष तथा दूसरी छात्रा ने विपक्ष में अपने विचार रखे। छात्राओं ने विदेशी निवेश, पूंजीवाद, बढ़ती जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, सोशल मीडिया, कार्बन उत्सर्जन, ओजोन क्षरण, पराली में आग ना लगाना जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं को चिन्हित करते हुए अपने विचारों को पूरे आत्मविश्वास के साथ व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रोफ़ेसर दीपक, प्रो. संजय कुमार, प्रो. ग्रीन कुमार ने निभाई। इस प्रतियोगिता में मेघा और अंजली की टीम प्रथम, तनु और हर्षिता की टीम द्वितीय और पायल और साक्षी की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के सह संयोजक भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के स्टेज फीयर को दूर करना और हमारे समाज में विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में अवगत कराना था। आयोजन की सफलता से खुश होकर यह कहा कि प्रतिभागियों की संख्या ने उनमें और भी अधिक ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। सभी प्रतिभागियों को अपने आस -पास किसानों को पराली न जलाने के लिए अपील करना और इसके महत्व के बारे में बताने की भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त टीचिंग और नॉन -टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

Devender

प्रो. देवेन्द्र<br>संयोजक<br>अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष

Kumar

प्रो. प्रदीप कुमार<br>सह संयोजक<br>भूगोल विभागाध्यक्ष

प्राचार्य<br>Principal<br>Govt. College for Girls<br>Pillu Khera (Jind)

**Media Coverage: 23/11/2022**
**Debate Competition**

दैनिक भास्कर

# जींद भास्कर 23-11-2022

